Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Wed - 03 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 59 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर पंजाब सरकार का बड़ा प्रहार, अब सालाना बढ़ोतरी 5% तक सीमित; अतिरिक्त वसूली लौटानी होगी



चंडीगढ़, 3 जून। पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा की जाने वाली मनमानी फीस वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए एक ऐतिहासिक और सख्त कदम उठाया है। राज्य सरकार ने निजी स्कूलों की वार्षिक फीस वृद्धि को अधिकतम 5 प्रतिशत तक सीमित करने का फैसला किया है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में निर्धारित सीमा से अधिक फीस वसूलने वाले स्कूलों को अभिभावकों से ली गई अतिरिक्त राशि वापस करनी होगी। सरकार इस संबंध में जल्द ही एक अध्यादेश लाने जा रही है, जिसे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने देश का सबसे सख्त कानून बताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया कानून पंजाब के सभी निजी स्कूलों पर समान रूप से लागू होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि 5 प्रतिशत की सीमा केवल ट्यूशन फीस पर ही नहीं, बल्कि स्कूलों द्वारा वसूले जाने वाले सभी अनिवार्य शुल्कों और फंडों पर भी लागू होगी। इससे स्कूलों द्वारा अलग-अलग मदों के नाम पर अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछले 24 घंटों में उन्हें निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि को लेकर सैकड़ों अभिभावकों के फोन और शिकायतें प्राप्त हुईं। बच्चों के भविष्य और अभिभावकों की आर्थिक परेशानियों को देखते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कोई भी निजी स्कूल सालाना 5 प्रतिशत से अधिक फीस नहीं बढ़ा सकेगा।

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि जिन स्कूलों ने पिछले तीन वर्षों के दौरान 15 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाई है, उनके मामलों की जांच की जाएगी और अतिरिक्त वसूली गई राशि अभिभावकों को लौटानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों और छात्रों का शोषण अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भगवंत मान ने बताया कि वर्तमान में निजी स्कूलों की फीस व्यवस्था पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अनएडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट, 2016 के तहत संचालित होती है, जिसे 2019 में संशोधित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, जिसके कारण निजी स्कूलों को मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने का अवसर मिला।

मुख्यमंत्री के अनुसार, मूल कानून में फीस वृद्धि की सीमा 8 प्रतिशत निर्धारित थी, लेकिन 2019 में किए गए संशोधनों के बाद स्कूलों को विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से इससे अधिक फीस बढ़ाने की छूट मिल गई थी। व्यवहार में इन नियमों की निगरानी नहीं होने के कारण अभिभावकों पर लगातार अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता रहा।

## मुख्यमंत्री सेहत योजना का बड़ा विस्तार: अब 17 नई मेडिकल प्रक्रियाएं निजी अस्पतालों में, अकेले रहने वाले भी होंगे



चंडीगढ़, 3 जून। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए मुख्यमंत्री सेहत योजना (MMSY) का दायरा बढ़ा दिया है। अब 17 अतिरिक्त मेडिकल प्रक्रियाएं योजना के तहत पैनल में शामिल निजी अस्पतालों में भी कराई जा सकेंगी। साथ ही अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और अन्य स्वतंत्र रूप से रहने वाले लोगों को भी योजना का लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि इस फैसले से सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम होगा और लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा। नई प्रक्रियाओं में ईएनटी, सामान्य सर्जरी, स्त्री रोग, नेत्र रोग और ऑर्थोपेडिक उपचार शामिल हैं। अब हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, पित्ताशय की सर्जरी, गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का उपचार, आंखों की कुछ सर्जरी तथा हड्डी व जोड़ों से जुड़े कई ऑपरेशन निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध होंगे।

## पंजाब पुलिस की आधुनिक और जन-केंद्रित पुलिसिंग बनी मिसाल, उद्योग जगत ने की सराहना



चंडीगढ़/लुधियाना, 3 जून। पंजाब पुलिस आधुनिक तकनीक और जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग के जरिए राज्य में सुरक्षा और विश्वास का नया माहौल बना रही है। डीजीपी गौरव यादव के नेतृत्व में पुलिस ने अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करते हुए लोगों का भरोसा जीता है। औद्योगिक नगरी लुधियाना इसका प्रमुख उदाहरण बनकर उभरी है, जहां उद्योगपतियों और नागरिकों ने कानून-व्यवस्था में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की है।

उद्योगपति अनमोल सूद और संचित सूद ने कहा कि पुलिस की तत्परता और अपराधों में कमी से व्यापारियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। लुधियाना हैंड टूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंदर रल्हान ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्नैचिंग और अन्य अपराधों में गिरावट आई है।

## कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए हरकत में पंजाब सरकार, वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

चंडीगढ़, 3 जून। पंजाब सरकार ने राज्य कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों की अध्यक्षता पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने की, जो राज्य कर्मचारियों की शिकायतों और मांगों के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। बैठकों का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की जायज मांगों पर विचार करना और उनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

बैठकों के दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने वर्गों से जुड़ी समस्याओं, मांगों और प्रशासनिक चुनौतियों को विस्तार से रखा। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत मुद्दों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारियों के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि



कर्मचारी किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं और उनकी संतुष्टि तथा बेहतर कार्य परिस्थितियां सरकार की प्राथमिकता हैं।

हरपाल सिंह चीमा ने मौके पर ही संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक प्रमुखों को निर्देश दिए कि कर्मचारी संगठनों द्वारा उठाई गई वास्तविक और उचित मांगों की विस्तार से जांच की जाए तथा उनके समाधान के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्याओं को केवल औपचारिकता के तौर पर न लिया जाए, बल्कि संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उनका समाधान किया जाए।

वित्त मंत्री ने कहा कि कैबिनेट सब-कमेटी का गठन केवल शिकायतों को सुनने के लिए नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य कर्मचारियों और सरकार के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, प्रशासनिक स्तर पर मौजूद कमियों को दूर करना तथा सभी वर्गों के कर्मचारियों के लिए सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

बैठक में पंजाब स्टेट मिनिस्टीरियल सर्विसेज यूनियन, बाजीगर वंजारा समाज संघर्ष समिति, कंप्यूटर अध्यापक यूनियन, लाल झंडा मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन और वाटर सप्लाई एवं सैनिटेशन वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी संगठनों ने अपने-अपने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा और समाधान की मांग की।

## एमआरएसएएफपीआई के दो कैडेटों ने राष्ट्रीय स्तर पर किया कमाल



Cadet Jasnoor Singh 6th Rank | Cadet Sukhraj Singh Heera, 2nd Rank

चंडीगढ़, 3 जून। पंजाब के युवाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवाया है। मोहाली स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (एमआरएसएएफपीआई) के 10वें कोर्स के दो कैडेटों ने एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एएफसीएटी)-2 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में दूसरा और छठा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि ने न केवल संस्थान बल्कि पूरे पंजाब का गौरव बढ़ाया है।

रूपनगर जिले के एक सरकारी स्कूल शिक्षक के पुत्र कैडेट सुखराज सिंह हीरा ने एएफसीएटी-2 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं पठानकोट के रहने वाले कैडेट जसनूर सिंह ने देशभर में छठी रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों कैडेटों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और संस्थान द्वारा प्रदान किए गए उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का परिणाम मानी जा रही है।

इन दोनों युवाओं की उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि वे पहले ही कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर चुके हैं और इस माह के अंत में शुरू होने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए उनका चयन हो चुका है।

## फिरोजपुर में एएसआई 1.30 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 3 जून 2026। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत फिरोजपुर जिले के सीआईए स्टाफ में तैनात एएसआई गुरजीत सिंह उर्फ गोल्डी को 1.30 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस के अनुसार, नौरंग के लेली गांव निवासी एक पशु व्यापारी की शिकायत पर कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता के रिश्तेदार के खिलाफ दर्ज एक मामले में आरोपी एएसआई ने गिरफ्तारी टालने और जमानत का समय दिलाने के बदले 2.5 लाख रुपये की मांग की थी, जिसे बाद में 2.3 लाख रुपये पर तय किया गया। शिकायतकर्ता पहले ही 1 लाख रुपये दे चुका था। शेष राशि लेने के दौरान विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार कर लिया।

SQUARENET
Innovation & Excellence
Advertisement
Microsoft Solutions Partner | Google Cloud Partner | aws partner network
Zoho Mail
Google Workspace
Microsoft 365
Are you looking for a reliable
EMAIL SERVICE PROVIDER?
Choose the best suitable plan for your business from SquareNet
Secure & Reliable | Professional Email | Cloud Integration | 24/7 Expert Support | Scalable for Every Business
Empower Your Business with Secure, Professional & Scalable Email Solutions
SQUARENET INDIA PRIVATE LIMITED
C-6, Sebiz Square, IT Park, Sector 67, Mohali 160062, Punjab India
www.squarenetindia.com
mail@squarenetsolutions.com
+91-904-101-2541
[PRI LINE]

## लुधियाना में रिश्वतखोरी पर विजिलेंस का शिकंजा

चंडीगढ़, 3 जून 2026। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए लुधियाना के हैबोवाल कलां निवासी एक निजी व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सरबजीत सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। विजिलेंस ब्यूरो की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा माना जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई न्यू बाबा दीप सिंह नगर, लुधियाना निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े मामले में काम करवाने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

प्रवक्ता के अनुसार शिकायतकर्ता के पिता ने कुछ वर्ष पहले साहनेवाल निवासी कुलदीप कुमार से साइकिल मार्केट क्षेत्र में स्थित 60 वर्ग गज के एक प्लॉट को खरीदने के लिए समझौता किया था और उस संपत्ति का कब्जा भी प्राप्त कर लिया था। वर्ष 2020 में शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके मामा के पुत्र गुरजीत सिंह उर्फ रिंपी ने कथित रूप से उक्त जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवा ली है। जांच के दौरान सामने आया कि रजिस्ट्री में दर्ज खसरा नंबर साइकिल मार्केट का न होकर चंदन नगर, लुधियाना का था। जब शिकायतकर्ता ने इस मामले की पड़ताल की तो कुलवंत सिंह नामक व्यक्ति ने उसे बताया कि उसने साइकिल मार्केट में स्थित कोई दुकान या संपत्ति गुरजीत सिंह को नहीं बेची थी।



# पंजाब में नगर परिषद चुनावों को लेकर तैयारियां पूरी, चार नगर परिषदों के लिए 403 नामांकन दाखिल; 13 जून को मतदान और उसी दिन होगी मतगणना

चंडीगढ़, 3 जून 2026। पंजाब में स्थानीय निकाय चुनावों की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। राज्य निर्वाचन आयोग, पंजाब द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नगर परिषद गुरदासपुर, दीनानगर, कादियां और शाम चौरासी के चुनावों के लिए कुल 403 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं तथा प्रशासन द्वारा मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इन चारों नगर परिषदों के लिए मतदान 13 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का उपयोग किया जाएगा। आयोग ने कहा कि ईवीएम के इस्तेमाल से मतदान प्रक्रिया अधिक सुगम, सुरक्षित और विश्वसनीय बनेगी तथा परिणाम भी कम समय में उपलब्ध हो सकेंगे।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना के लिए ईवीएम को किसी केंद्रीय स्थान या मतगणना केंद्र पर नहीं ले जाया जाएगा। मतदान केंद्रों पर ही मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू कर दी जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य परिणाम प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज बनाना है। मतगणना संबंधित चुनाव अधिकारियों और अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी तथा परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार प्राप्त 403 नामांकन पत्र स्थानीय स्तर पर चुनाव को लेकर बढ़ती राजनीतिक सक्रियता और जनभागीदारी का संकेत हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के अलावा बड़ी संख्या में स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भी चुनावी मैदान में उतरने के लिए नामांकन दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच निर्धारित कार्यक्रम के तहत की जाएगी, जिसके बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि पूरी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम संख्या स्पष्ट हो जाएगी।

नगर परिषद चुनावों को स्थानीय शासन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इन चुनावों के माध्यम से चुने गए प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सीवरेज, पार्कों के रखरखाव और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का नेतृत्व करेंगे। इसलिए इन चुनावों का सीधा संबंध आम नागरिकों के दैनिक जीवन और शहरी विकास से जुड़ा हुआ है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को भी चुनाव संबंधी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कहा गया है। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। ईवीएम संचालन, मतदान प्रक्रिया, मतदाता पहचान सत्यापन तथा मतगणना संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं। आयोग का उद्देश्य है कि मतदान के दिन किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न न हो और मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**Municipal General Elections, 2026**

**Nomination Papers Report**

**Name of District:- Gurdaspur**

| Name of Municipality | No. of Wards | No. of Nomination Papers Received on 30-05-2026 (1st Day) | No. of Nomination Papers Received on 01-06-2026 (2nd Day) | No. of Nomination Papers Received on 02-06-2026 (3rd Day) | No. of Nomination Papers Received on 03-06-2026 (Last Day) | Cumulative No. of Nomination Papers received till date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| M.C. Dinanagar | 15 | 0 | 30 | 16 | 49 | 95 |
| M.C. Gurdaspur | 29 | 13 | 13 | 108 | 36 | 170 |
| M.C. Qadian | 15 | 0 | 3 | 69 | 21 | 93 |
| | 59 | 13 | 46 | 193 | 106 | 358 |

## पंजाब की चार नगर परिषदों के चुनाव के लिए 403 नामांकन दाखिल

चंडीगढ़, 3 जून 2026। पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने जानकारी दी है कि नगर परिषद गुरदासपुर, दीनानगर, कादियां और शाम चौरासी के आम चुनावों के लिए कुल 403 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं और आयोग ने मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार इन चारों नगर परिषदों के लिए मतदान 13 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का उपयोग किया जाएगा।

आयोग ने बताया कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर ही मतगणना की जाएगी। इसके लिए ईवीएम मशीनों को किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जाया जाएगा, जिससे परिणाम प्रक्रिया तेज और अधिक पारदर्शी रहेगी। मतगणना 13 जून को ही मतदान समाप्ति के बाद शुरू होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने मतदाताओं से भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

चारों नगर परिषदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की विस्तृत सूची आयोग द्वारा जारी कर दी गई है।

## पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को मिलेगा नया आयाम



चंडीगढ़, 3 जून 2026। पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बुधवार को पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने शंभू बॉर्डर पर एक भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) के निर्माण और श्री आनंदपुर साहिब में संशोधित हेरिटेज स्ट्रीट परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। इन दोनों परियोजनाओं का उद्देश्य पंजाब की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना तथा राज्य की गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री आनंदपुर साहिब में प्रस्तावित हेरिटेज स्ट्रीट परियोजना के संशोधित स्वरूप को मंजूरी देते हुए कहा कि यह परियोजना सिख इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 134वें दिन 272 गिरफ्तार, 7 हथियार बरामद

चंडीगढ़, 3 जून। पंजाब पुलिस ने गैंगस्टरों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'गैंगस्टरां ते वार' के 134वें दिन राज्यभर में 526 चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 7 हथियार बरामद करते हुए 272 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अभियान शुरू होने के बाद से अब तक कुल 33,612 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

पुलिस ने 65 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, जबकि 20 लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इसके अलावा 6 फरार अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया गया।


Advertisement



From Foundation to Finish – We Build Everything!

We specialize in high-quality construction services for: Residential Homes, Commercial Buildings Kothi & Luxury Villas, Showrooms & Shops, Flats & Apartments

WE PROMISE YOU FOR A BETTER FUTURE!

N M CONSTRUCTION
Excellence in every structure

#219 GF Maa Shimla Complex, Landran Road, Kharar, SAS Nagar, 140301, Punjab
Email: nmconstruction5151@gmail.com | Phone: +91-6009610096, 9872766841

# herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.